# पत्नी को देना था सरप्राइज तो एक लाख के सिक्के लेकर पहुंचा चेन बनवाने

अजब-गजब



- युवक की है पान की दुकान एक-एक कर सहेजे थे सिक्के
- साल भर पहले हुई थी शादी फिलहाल मायके गई थी पत्नी

अहिरवां के राजा मार्केट स्थित सराफा दुकान पर एक लाख के सिक्के लेकर पहुंचा युवक।

सर्राफ की दुकान में रखे एक लाख रुपये , जो 20-20 रुपये के सिक्के हैं।



**चकेरी, संवाददाता।** इस युवक ने शनिवार को वो कर डाला जिसकी अभिलाषा आम तौर पर हर पत्नी को होती है। ज्यादातर महिलाएं यही चाहती हैं उनका पति उन्हें सरप्राइज दे।

यह युवक पान की दुकान चलाता है। इतनी कमाई नहीं होती कि पत्नी को एक झटके में गहने खरीदकर दे तो इसने नायाब तरीका ढूंढ निकाला। एक-एक करके सिक्के सहेजे और पहुंच गए सराफा की दुकान में। बोला- 'ये सिक्के ले लीजिए और पत्नी के लिए चेन बना दीजिए।

युवक का नाम अभिषेक यादव है। अभिषेक की उम्र 22 वर्ष की है और वह टटियन झनाकां का रहने वाला है। रामा देवी चौराहे पर एचएएल कॉलोनी के पास उसकी पान की छोटी सी दुकान है। साल भर पहले ही उसकी शादी हुई है। शनिवार को वह अहिरवां के राजा मार्केट स्थित सराफा की दुकान पर पहुंचा था। पहले उसने मेज पर बड़ा सा झोला रखा और एक-एक करके सिक्के निकालकर सराफा कारोबारी एवं व्यापारी नेता महेश वर्मा के सामने रखने शुरू कर दिए। जब उसने बताया कि इन सिक्कों के बदले उसे पत्नी के लिए चेन चाहिए तो महेश वर्मा के होश उड़ गए। कभी वह 20-20 के इन सिक्कों को देखते तो कभी अभिषेक को। बोले-'अब तो बैंक वाले भी ये सिक्के नहीं लेते, मैं इन सिक्कों को कहां चलाऊंगा'। जब अभिषेक ने बताया कि उसे पत्नी को सरप्राइज देना है तो वह दंग रह गए। अभिषेक ने कहा, 'अभी पत्नी मायके गई हुई है, वापस आएगी तो उसे सरप्राइज दूंगा। वो खुश हो जाएगी। उसकी बड़ी उत्कंठा है कि उसके गले में भी सोने की चेन हो मगर कभी उसने कहा नहीं'। यह सुनकर महेश वर्मा द्रवित हो गए। भारतीय मुद्रा का सम्मान करते हुए सभी सिक्के ले लिए। अभिषेक का चेहरा तब देखने लायक था। खुशी के आंसू साफ झलक रहे थे। महेश वर्मा को भी इस बात की आत्म संतुष्टि हुई कि अभिषेक अपनी पत्नी के सपने को साकार कर पाएगा। पूछने पर महेश वर्मा ने कहा, अभिषेक से सिक्के लेकर चेन बनाने का ऑर्डर दे दिया है। जल्द ही उसे दे देंगे।

शहर 30s

## क्षमता संग उद्यमिता में धैर्य सबसे जरूरी

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में एलुमनाई टॉक का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर पुनीत पांडे ने कहा कि हर विद्यार्थी में उद्यमिता की क्षमता होती है और धैर्य सबसे प्रभावी तत्व है। निदेशक प्रो सुधांशु पांडया ने कहा कि पूर्व छात्र विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सिधांशु राय ने कहा कि देश में रोजगार की कमी नहीं है, बल्कि इंडस्ट्री की आवश्यकता के अनुसार स्वयं को विकसित करना होता है।

## घर के सामने वाहन खड़ा करने से मना करने पर पीटा

**चकेरी।** दहेली सुजानपुर में एक युवक ने आरोप लगाया है कि घर के सामने वाहन खड़ा करने से मना करने पर आरोपित पड़ोसी ने अपने परिवार के साथ मिलकर उन्हें लाठी डंडों से पीटा। मोहित के अनुसार उनका पड़ोसी अक्सर उनके घर के दरवाजे के सामने कार खड़ी कर देता है। कई बाद टोकने के बाद भी आरोपित कार को खड़ा करना बंद नहीं कर रहा था। मोहित ने बताया कि बीते शुक्रवार की शाम को भी आरोपित कार उनके दरवाजे के सामने कार खड़ी कर घर चला गया।

लखनऊ पुलिस का इनपुट नहीं मिलता तो बंद मेडिकल स्टोर का भी पता नहीं चलता

# ढाई लाख बोतल नशीला सिरप बिक गया, किसी को भनक नहीं

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** ड्रग विभाग भले ही लाखों बोतल नशीली दवा के सिरप मामले के खुलासे को लेकर अपनी पीठ थपथपा रहा हो, पर सवाल यह है कि इतना सब होता रहा पर किसी को भनक नहीं लगी। अगर लखनऊ ड्रग विभाग की छापेमारी से इनपुट न मिला होता तो मां दुर्गा मेडिकोज नशे का कारोबार चलाता रहता। शहर के ड्रग विभाग पर इस कार्यप्रणाली से सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

इसी तरह से बालाजी मेडिकल स्टोर की 20 हजार बोतल खरीद की पुष्टि भी लखनऊ छापेमारी से हुई है। इसी तरह से बिरहाना रोड स्थित श्रीलक्ष्मी फार्मा में पकड़ी गई बड़े पैमाने पर नकली दवा लुधियाना पुलिस के इनपुट पर बरामद हुई थी। उसके बाद आगे कोई कड़ी शहर का ड्रग विभाग नहीं जोड़ सका है। अभी तक राहुल अग्रवाल के बयान तक नहीं हो सके हैं।

### दिखाने के लिए किराए की दुकान

मां दुर्गा मेडिकोज का मालिक रोहन पचौरी सिर्फ दिखाने के लिए मेडिकल स्टोर खोले था। उसके मकान मालिक अवधेश श्रीवास्तव ने ड्रग इंस्पेक्टर को बताया कि इस दुकान वह काफी समय पहले बंद कर चुका है। जबकि वह धड़ल्ले से अवैध रूप से नशे के सिरप की खरीद फरोख्त कर रहा था। मेडिकल स्टोर चलाने और बंद करने की कोई सूचना ड्रग विभाग को भी नहीं दी। कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए फर्म को बिना किसी सूचना के बंद कर दिया। डेढ़ साल पहले मां दुर्गा मेडिकोज को ड्रग विभाग ने लाइसेंस दिया था। नकली व नशीली दवा की मेन कड़ी राहुल अग्रवाल का अता-पता नहीं है। उनकी बेटी वर्तिका के दोस्त मोहम्मद हसन का भी पता नहीं चल सका है। दोनों ही फरार चल रहे हैं। दोनों ही नशीली दवा खरीद व बिक्री की मेन कड़ी है। लुधियाना पुलिस भी दोनों को तलाश कर रही है। उसकी बेटी वर्तिका की अभी तक जमानत तक नहीं हो सकी है। नकली और नशीली दवा के गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए दोनों को तलाशा जा रहा है।

### कानपुर से कई राज्यों में हो रही सप्लाई

नकली व नशीली दवा का कानपुर बड़ा गढ़ है। यहां से गुजरात, पंजाब से लेकर जम्मू कश्मीर तक नशीली और नकली दवा की सप्लाई होती है। उसमे फर्जी पुरानी फर्मों के बिलों का सहारा लिया जाता है। उसके जरिए ही दवा भेजी और मंगाई जाती है। पैसे का भुगतान हवाला और ऑनलाइन के जरिए होता है। कई ऑनलाइन भुगतान की पुष्टि राहुल के घर से बरामद बिलों से हुई है। नकली और नशीली दवा शहर से भेजने के साथ ही कानपुर मंगाई भी जा रही है जिससे फर्म का लेन-देन दिखाई पड़े। कई डमी फार्मों के जरिए खरीद फरोख्त हो रही है।

"ड्रग विभाग लगातार नशीली दवाओं के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। कई और इनपुट मिले है। उन पर भी जल्द कार्रवाई होगी।

– दिनेश कुमार तिवारी
मंडलीय ड्रग अधिकारी

## हाईटेंशन लाइन ने ले ली मजदूर की जान

**कानपुर।** चकेरी में निर्माणाधीन मकान में पेंटिंग करते वक्त हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने छोटे भाई की शिकायत पर मकान मालिक पिता-पुत्र समेत ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज किया।

महाराजपुर के कुलगांव निवासी 26 वर्षीय आदित्य कुशवाहा पेंटर थे। पिता दयाशंकर ने बताया कि बेटा आदित्य ठेकेदार करन के साथ काम करता था। तीन दिन से वह सावित्री नगर में छोटे पाल के मकान में पेंटिंग कर रहा था। ठेकेदार पर बेटे का पुराना बकाया बाकी था। वह बेटे से कहता था कि अगर छोटे पाल के यहां काम नहीं करोगे तो पुराना भुगतान नहीं मिलेगा। शुक्रवार को बेटा तीसरी मंजिल पर पेंटिंग कर रहा था। तभी छज्जे के पास से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

# बैठक में काली पट्टी बांध पहुंचे वकील

- पुलिस कमिश्नर ने कहा, वकीलों को विश्वास में लेकर होगी कार्रवाई
- सिपाही को पीछे से थप्पड़ जड़ने के मामले में आरोपी की होगी गिरफ्तारी

**कानपुर।** वकीलों के खिलाफ हो रही कार्रवाई से नाराज लॉयर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी ग्रीवांस कमेटी की बैठक में काली पट्टी बांधकर पहुंचे। वकीलों ने पुलिस आयुक्त के सामने अपनी बात रखी। सिपाही को थप्पड़ जड़ने वाले वकील पर ही कार्रवाई होने का आश्वासन भी पुलिस की ओर से पदाधिकारियों को मिला है।

बार और लॉयर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने वकीलों पर हो रही कार्रवाई को लेकर विरोध जताया था। इस पर पुलिस आयुक्त की ओर से आश्वासन दिया गया कि माह के प्रथम अथवा तीसरे शनिवार को ग्रीवांस कमेटी की बैठक होगी। इसी के तहत शनिवार को बार और लॉयर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल से मिलने पहुंचे। लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा, महामंत्री राजीव यादव बांह पर काली पट्टी बांधकर पहुंचे।

बार एसोसिएशन के महामंत्री अमित सिंह ने बताया कि कचहरी से प्रिंसराज श्रीवास्तव की गिरफ्तारी का मुद्दा उठा। पुलिस आयुक्त ने आश्वासन दिया साथ ही भविष्य में वकीलों से जुड़ी कार्रवाई पर दोनों संस्थाओं को सूचित करने की बात कही।

अमित सिंह ने थानों में हिस्ट्रीशीटर और अपराधियों के बैठने की शिकायत की। महामंत्री अमित सिंह ने बताया इस मामले में थप्पड़ मारने वाले के खिलाफ ही कार्रवाई होगी।

### वकीलों ने काली पट्टी बाधंकर किया विरोध

लॉयर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को वकीलों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा और महामंत्री राजीव यादव ने बताया कि अधिवक्ताओं के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्यवाही के चलते विरोध किया जा रहा है। लॉयर्स एसोसिएशन के विरोध में बार एसोसिएशन शामिल नहीं रहा। उधर, संस्था की ओर से लॉयर्स एसोसिएशन हॉल के भूमितल पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अधिवक्ताओं ने नेत्र परीक्षण कराया। रमाकांत मिश्रा, पुष्कर धर द्विवेदी, बुद्ध प्रकाश, अभय गौड़, यादवेंद्र सिंह यादव, सूर्य प्रकाश बाजपेयी, राजीव कुमार शुक्ला रहे।

# बिठूर में अगले साल विजिलेंस का नया दफ्तर



शनिवार को बिठूर में भूमि पूजन करतीं आईजी विजिलेंस मंजिल सैनी।

**बिठूर, संवाददाता।** कानपुर विजिलेंस विभाग को एक साल में अपना भवन मिल जाएगा। शनिवार को बिठूर में नई इमारत का भूमि पूजन संग शिलान्यास हुआ। काफी समय से इसके लिए जमीन तलाशी जा रही थी। बैराज हाईवे के पास बगदौधी कछार में भूमि मिली। डीजीपी राजीव कृष्णा को आना था पर उनका कार्यक्रम निरस्त हो गया। सुबह 11 बजे आईजी विजिलेंस मंजिल सैनी, एसपी विजिलेंस अधिसूचना अभय मिश्रा, एसपी सीआईएस जांच लेखा सेक्टर अयोध्या नीति द्विवेदी पहुंचीं। बगल में बने औषधि खाद केंद्र के कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में डीजीपी ने वर्चुअल विजिलेंस के नए भवन का शिलान्यास किया। लोक निर्माण विभाग के अफसरों के मुताबिक दिसंबर 2026 तक भवन बन जाएगा। डीसीपी दिनेश त्रिपाठी, एडीसीपी कपिल देव सिंह, एसीपी रंजीत कुमार, इंस्पेक्टर इंदू यादव के साथ पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राकेश यादव, सहायक अभियंता राहुल सिंह आदि रहे। राकेश ने बताया कि ऑफिस 2000 वर्गमीटर में बनेगा, इसकी लागत 8.10 करोड़ होगी। यह तीन मंजिला होगा जिसमें पार्किंग से लेकर सभी सुविधाएं होंगी। 10 नवंबर से काम शुरू हो जाएगा।

**किराए के भवन में चल रहा दफ्तर :** विजिलेंस ऑफिस ग्वालटोली में किराए के मकान में चल रहा है। भूमि पूजन होते सभी के चेहरे खिल उठे। हाईवे व रिंग रोड पास होने से अफसर बोले कि अब हर जगह जाने में आसानी होगी।

# अदाणी के एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स को अवॉर्ड

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** कानपुर स्थित अदाणी एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स को भारत में डिज़ाइन, निर्माण और परीक्षण उत्कृष्टता के लिए एसआईडीएम चैंपियन अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान कानपुर स्थित अत्याधुनिक गोला-बारूद कॉम्प्लेक्स के लिए दिया गया। पुरस्कार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदान किया। 500 एकड़ में फैला अदाणी एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स में उद्योग 4.0 मानकों, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित सटीक प्रणालियों के साथ विकसित किया गया है। ताकि छोटे, मध्यम और बड़े कैलिबर के गोला-बारूद में स्थिरता, सुरक्षा और बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी ने अगले कुछ सालों में कंपनी 7,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कानपुर के इस कॉम्प्लेक्स में मिसाइलें भी बनाई जाएंगी, जिसके लिए 10 लाख डॉलर का निवेश होगा। इसके अलावा कंपनी जल्द ही बड़े कैलिबर की गोलियों का प्रोडक्शन भी शुरू करेगी। वहीं, मेक इन इंडिया के संकल्प को गति और मजबूती देने के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट, ड्रोन, लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और मिसाइल भी यहीं बनाए जाएंगी।

### एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स की खास बातें

- यह देश का सबसे एडवांस और एग्रीगेट एम्युनिशन मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम है
- कॉम्प्लेक्स 500 एकड़ के बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है
- इसमें इंडस्ट्री 4.0 स्टैंडर्ड, ऑटोमेशन, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से चलने वाले सटीक सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है
- छोटे, मध्यम और बड़े कैलिबर के गोला-बारूद बनाए जाते हैं, जिनकी क्वालिटी, सेफ्टी और एकरूपता सुनिश्चित होती है

RP HEALTHCARE
घने और मज़बूत होंगे आपके बाल जब होगी बालन हेयर ऑयल की देखभाल...
बालन हेयर ऑयल
बालों की जड़ों में जाकर बालों को पोषण दे
पूर्णतया आयुर्वेदिक
Also available at
TATA 1mg | amazon | Flipkart
लगातार 6 सप्ताह इस्तेमाल करें... फर्क देखें...
Customer Care : 9628078000 www.rphealthcaregroup.com

कानपुर विकास प्राधिकरण
सार्वजनिक सूचना
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जी.डी.एस. न्यूट्रीफूड्स प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टर पुरुषोत्तम कुमार बंसल द्वारा आराजी संख्या-1723, 1725 व 1726 स्थित ग्राम उमरन तहसील अकबरपुर जिला कानपुर देहात क्षेत्रफल 13670.00 वर्गमीटर पर संचालित मल्टीग्रेन एवं मैदे की फैक्ट्री का मानचित्र शमन किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है। नियोजन अनुभाग की आख्या के अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड का भू-प्रयोग कृषि है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 के अन्तर्गत 'कृषि उपयोग' में एम.एस. एम.ई. उद्योग 'उपयोग' अनुमन्य श्रेणी के अन्तर्गत आता है। उपयोग में एम.एस.एम.ई. उद्योग सशर्त की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु प्रभावी एवं लागू मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स के प्राविधानों के अन्तर्गत जनता से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किया जाना होगा अतएव वर्तमान में प्रभावी एवं लागू मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 के प्रस्तर 15.1.3 (iv) के अनुसार महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्तियाँ/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जायेगी। पहुँच मार्ग की चौड़ाई 16 मी. है। जबकि शर्तानुसार 7.5 मी. की सड़क न्यूनतम आवश्यक है। मानचित्र स्वीकृति से पूर्व प्राविधानों के अनुसार एक माह की समयावधि जन सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमन्त्रित किये जाते है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/सुझाव देना हो तो प्रभारी अधिकारी मार्ती कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर के कार्यालय में लिखित रूप से उक्त सूचना के प्रकाशन के एक माह के अन्दर आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। अभय कुमार पाण्डेय, सचिव

140 Glorious years of JK Organisation | JKcement | 50 Years of Grey Cement Business | Great Place To Work Certified | 40 Years of JK White Cement

A SOLID LEGACY OF TRUST

## J.K. Cement Ltd.

CIN No. : L17229UP1994PLC017199
Registered Office : Kamla Tower, Kanpur-208 001 (U.P.)
Ph. : +91 512 2371478 to 81 | Fax : +91 512 2399854/ 2332665
website: www.jkcement.com | e-mail: comp.sec@jkcement.com

### EXTRACT OF CONSOLIDATED AND STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2025

(₹ in Crores)

| Sl. No. | Particulars | CONSOLIDATED | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended 30.09.2025 (Unaudited) | Three Months Ended 30.09.2024 (Unaudited) | Half Year Ended 30.09.2025 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2025 (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 3,070.08 | 2,597.90 | 6,479.05 | 12,052.10 |
| 2. | Net Profit before Interest, Depreciation, Exceptional Items and Tax | 450.52 | 285.12 | 1,149.08 | 2,043.85 |
| 3. | Net Profit for the Period before share (Loss) in associates and tax (before Exceptional and Extraordinary items) | 242.72 | 52.65 | 731.86 | 1,139.45 |
| 4. | Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 242.88 | 155.00 | 732.03 | 1,242.39 |
| 5. | Net Profit for the period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 159.25 | 136.15 | 483.50 | 872.17 |
| 6. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 185.79 | 138.35 | 508.01 | 887.53 |
| 7. | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- Per Share) | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 |
| 8. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 5,704.41 | 4,656.67 | 5,704.41 | 5,221.16 |
| 9. | Security Premium Account | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 |
| 10. | Net Worth | 6,538.48 | 5,490.74 | 6,538.48 | 6,055.23 |
| 11. | Paid up Debt Capital/Outstanding Debt | 5,139.43 | 4,530.26 | 5,139.43 | 4,961.33 |
| 12. | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA |
| 13. | Debt Equity Ratio | 0.98 | 1.02 | 0.98 | 0.97 |
| 14. | Basic and Diluted Earnings Per Share (of ₹10/- each) (Not Annualized except Period / Year ended ) | 20.78 | 16.28 | 62.76 | 111.44 |
| 15. | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA |
| 16. | Debenture Redemption Reserve | - | 7.50 | - | 3.75 |
| 17. | Debt Service Coverage Ratio | 1.82 | 1.91 | 2.11 | 1.91 |
| 18. | Interest Service Coverage Ratio | 4.77 | 2.65 | 5.87 | 4.86 |

Notes:

1 The above is an extract of the detailed format of unaudited quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 52 of the Listing Regulations. The full format of the quarter and half year ended consolidated and standalone financial results are available on the Stock Exchange websites:-www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company's website www.jkcement.com.

2 Key Standalone Financial Information:

| Sl. No. | Particulars | STANDALONE | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended 30.09.2025 (Unaudited) | Three Months Ended 30.09.2024 (Unaudited) | Half Year Ended 30.09.2025 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2025 (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 2,907.77 | 2,447.33 | 6,153.55 | 11,357.23 |
| 2. | Net Profit before Interest, Depreciation, Exceptional Items and Tax | 442.09 | 272.64 | 1,126.13 | 1,987.30 |
| 3. | Net Profit for the Period before share (Loss) in associates and tax (before Exceptional and Extraordinary items) | 260.61 | 59.96 | 758.48 | 1,170.62 |
| 4. | Net Profit for the Period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 260.61 | 59.96 | 758.48 | 1,225.00 |
| 5. | Net Profit for the Period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 175.78 | 40.47 | 508.26 | 851.27 |
| 6. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 174.96 | 40.21 | 506.59 | 847.91 |
| 7. | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- Per Share) | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 |
| 8. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 5,600.33 | 4,601.32 | 5,600.33 | 5,209.64 |
| 9. | Security Premium Account | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 |
| 10. | Net Worth | 6,434.40 | 5,435.39 | 6,434.40 | 6,043.71 |
| 11. | Paid up Debt Capital/Outstanding Debt | 5,139.43 | 4,530.26 | 5,139.43 | 4,961.33 |
| 12. | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA |
| 13. | Debt Equity Ratio | 0.98 | 1.02 | 0.98 | 0.97 |
| 14. | Basic and Diluted Earnings Per Share (of ₹10/- each) (Not Annualized except Period / Year ended ) | 22.75 | 5.24 | 65.78 | 110.17 |
| 15. | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA |
| 16. | Debenture Redemption Reserve | - | 7.50 | - | 3.75 |
| 17. | Debt Service Coverage Ratio | 1.79 | 1.85 | 2.08 | 1.86 |
| 18. | Interest Service Coverage Ratio | 4.78 | 2.59 | 5.88 | 4.80 |

3 These financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind-AS) as prescribed under section 133 of Companies Act 2013 read with Rule 3 of the Companies (Indian Accounting Standards) Rules 2015 and relevant amendment thereafter. The said financial results of the Parent Company and its subsidiaries together referred as the "Group" have been prepared in accordance with Ind AS 110 – Consolidated financial statements.

Scan the QR Code to download the full financial results

For and on behalf of the Board of Directors

Place : Gurugram
Date : 01 November, 2025

**Dr. Raghavpat Singhania**
Managing Director
DIN: 02426556

JKsuper PROTECT | JKsuper STRONG | JKsuper cement | JKMAXX PAINTS | JKcement WallMaxX White Cement Based Putty | JKcement WallMaxX ADVANCED Premium Wall Putty | JKcement ShieldMaxX Universal Waterproof Putty | JK CEMENT WhiteMaxX White Portland Cement | JKTYLO PREMIUM ADHESIVES & GROUTS | JKPROFIX TRUSTED BY EXPERTS

For Kind Attention of Shareholders : As a part of Green Initiative of the Government, all the Shareholders are requested to get their email addresses registered with the Company for receiving Annual Report, etc. on email.